दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। सोमवार 12 अगस्त -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 304 पेज-16 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन

## समाचार संपादक दीपक भाटी के जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद



























दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन

## समाचार संपादक दीपक भाटी के जन्मदिन पर मिला सभी का स्नेह और आशीर्वाद



## संपादकीय

# राशन वितरण में तकनीकी समस्या

देश में गरीबी और खासकर भूख से जूझते तबकों को राहत दिलाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली है। हालांकि इसके संचालन में अक्सर भ्रष्टाचार के मामलों के मद्देनजर व्यापक सुधार की गुंजाइश बनी रही, लेकिन नीतिगत तौर पर यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके जरिए अभावग्रस्त बड़े तबके को नाममात्र की राशि या नियंत्रित मूल्यों पर अनाज मुहैया कराया जाता है। आधुनिक तकनीकी के विस्तार के दौर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भी डिजिटल तौर–तरीके अपनाए गए। अपने राज्य से पलायन करके या विस्थापित होकर देश की राजधानी में पहुंचे लोगों के लिए एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड की व्यवस्था भी लागू की गई, ताकि इसका लाभ आम लोगों को मिल सके।

विडंबना है कि तकनीकी सुविधाओं से लैस होने के बावजूद अब एक नई समस्या खड़ी हो रही है, जिसकी वजह से बहुत सारे लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अपने हक का राशन उठाने में मुश्किलें पेश आ रही हैं या फिर वे इस सुविधा से वंचित रह जाते हैं।

गौरतलब है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन यानी आइएमपीडीएस के सर्वर में तकनीकी दिक्कतों की वजह से पिछले कई महीने से उत्तर प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को दिल्ली में अपने हिस्से का राशन लेने में कई तरह की परेशानी हो रही थी। मगर अब बिहार के राशन कार्ड धारकों को उनके हक का राशन न मिल पाने की शिकायत सामने आई है। यों अलग–अलग राज्यों के करीब चार लाख राशन कार्डधारकों को हर महीने दिल्ली में तकनीकी दिक्कतों की वजह से राशन लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ा है। व्यवस्थागत खामियों की वजह से बहुत सारे राशन कार्डधारक राशन लेने से वंचित रह जाते हैं, क्योंकि दिल्ली में राशन की दुकानों में अनाज खत्म हो चुका होता है। सुविधा में इजाफे और पारदर्शिता के लिए इसमें डिजिटल तंत्र को बढ़ावा दिया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि मशीनों में कभी दुबारा प्रयास करें तो कभी लेन–देन विफल आदि की सूचना आती है। सवाल है कि अगर तकनीकी दिक्कतों की वजह से अभाव से जूझते लोगों के सामने समस्याएं आ रही हैं तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर रहने वालों के सामने फिलहाल और क्या विकल्प है?

# म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम बढ़कर 64.69 लाख करोड़ रुपये हुआ

## सेक्टोरल फंड्स में आया सबसे ज्यादा निवेश




**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में जुलाई में रिकॉर्ड बढ़त देखने को मिली है। यह मासिक आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 64.69 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो कि जून में 60.89 लाख करोड़ रुपये पर था।

म्यूचुअल फंड एयूएम बढ़ने की वजह देश में एसआईपी के चलन में इजाफा होना है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में एसआईपी के जरिए 23,332 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। हालांकि, कुछ इक्विटी निवेश 8.61 प्रतिशत कम होकर 37,113.4 करोड़ रुपये पर आ गया है, जो जून में 40,608.19 करोड़ रुपये पर था। यह लगातार 41वां महीना है, जब ओपन-एंडेड इक्विटी फंड्स में निवेश सकारात्मक रहा है। हालांकि, इस दौरान बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली। जुलाई में सेंसेक्स ने 3.43 प्रतिशत और निफ्टी ने 3.92 प्रतिशत का सकारात्मक रिटर्न दिया है।

सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार बढ़ने के कारण एसआईपी एयूएम बढ़कर 13,09,385.46 करोड़ रुपये हो गया है। यह एसआईपी एयूएम का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। जून में यह 12,43,791.71 करोड़ रुपये पर था।

एम्फी में चीफ एग्जीक्यूटिव वेंकट चलसानी ने कहा कि रिटेल निवेशकों की ओर से लगातार म्यूचुअल फंड में निवेश किए जाने के कारण इंडस्ट्री की वृद्धि दर सकारात्मक है। मौजूदा समय में म्यूचुअल फंड रिटेल निवेशकों की वित्तीय रणनीति का एक अहम हिस्सा बन चुका है। सेक्टोरल और थीमेटिक फंड्स में सबसे ज्यादा निवेश देखा जा रहा है। इस कैटेगरी में जुलाई में 18,386.35 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया है।

इसके अलावा डेट म्यूचुअल फंड्स में जुलाई में 1,19,587.60 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ है। इसके उलट जून में 1,07,357.62 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी। शॉर्ट टर्म लिक्विड फंड कैटेगरी में 70,060.88 करोड़ रुपये और मनी मार्केट फंड्स में 28,738.03 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

**Sanjeev Gupta** is with **V.k. Agarwal** and **10 others**
27m

*समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड इलाहाबाद* माता रानी की कृपा और पूज्य श्री माता पिता के आशीर्वाद और समरकूल गोल्डन परिवार की कर्मठता से आज इलाहाबाद के नैनी इंडस्ट्रियल एरिया में आपके एक ओर समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के नवीन प्लांट का *भूमिपूजन श्रीगणेश*, प्लांट में स्थित मंद... See more



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता का कारोबार परिवार माता रानी की कृपा से लगातार बढ़ रहा है। समारकूल परिवार ने इलाहाबाद में अपने नए प्लांट का भूमिपूजन किया। प्रगति के इस पल को समरकूल परिवार के मुखिया संजीव गुप्ता ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# हिंडनबर्ग के ताजा आरोप अफवाहों से अधिक कुछ नहीं : अदाणी ग्रुप




**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप ने रविवार को हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए ताजा आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह व्यक्तिगत लाभ के लिए पूर्व निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंचने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और चालाकीपूर्ण चयन है। एक्सचेंज फाइलिंग में ग्रुप ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा, यह बदनाम करने के इरादे से किए गए दावों की पुनरावृत्ति है। इन दावों की गहन जांच की गई है और जनवरी 2024 में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन्हें खारिज किया जा चुका है। अदाणी ग्रुप ने आगे कहा, बदनाम शॉर्ट-सेलर फर्म कई भारतीय प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन करने के कारण जांच के दायरे में है। हिंडनबर्ग के आरोप भारतीय कानूनों के प्रति पूरी तरह से अवमानना करने वाली एक हताश इकाई द्वारा फैलाई गई अफवाह से ज्यादा कुछ नहीं है। अदाणी ग्रुप के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी का ओवरसीज होल्डिंग स्ट्रक्चर पूरी तरह से पारदर्शी है और सभी जरूरी जानकारी रेगुलेटरी को अलग-अलग दस्तावेजों में दी जा चुकी है। प्रवक्ता द्वारा आगे कहा गया कि अनिल आहूजा, अदाणी पावर (2007-08) में 3आई इन्वेस्टमेंट फंड के नामित निदेशक थे और उसके बाद 2017 तक अदाणी एंटरप्राइजेज में निदेशक थे। अदाणी ग्रुप ने कहा कि हमारी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के इस सोचे-समझे प्रयास में उल्लिखित व्यक्तियों या मामलों के साथ हमारा कोई भी व्यावसायिक संबंध नहीं है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि ग्रुप पारदर्शिता और सभी कानूनी एवं नियामक अनुपालन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उन पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह 'चरित्र हनन करने का प्रयास' है, क्योंकि सेबी ने पिछले महीने नेट एंडरसन के नेतृत्व वाली कंपनी को नियमों का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। बुच दंपत्ति ने साझा बयान में कहा है कि 10 अगस्त की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में उनके खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे पूरी तरह से तथ्यहीन हैं और हम उन्हें सिरे से खारिज करते हैं।

## राशिफल

**मेष :** व्यवसायी कुछ योजनाएँ बना सकते हैं। आप में से कुछ लोगों को साझेदारी से बड़ा लाभ मिल सकता है। आप अपने संपर्कों में वृद्धि करेंगे।

**वृष :** अचानक धन लाभ हो रहा है। व्यापार में आय के नए स्रोत भी मिल सकते हैं। पार्ट टाइम जॉब शुरू करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**मिथुन :** आज आपका उत्साह भी चरम पर हो सकता है. नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं। रिश्तों से जुड़े कई पहलू आपके लिए खास हो सकते हैं।

**कर्क :** आज आपके सहकर्मी समूह के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू होंगी और आप अच्छी प्रगति करेंगे।

**सिंह :** दिन धन लाभ लेकर आया है. किसी को दिया गया पैसा वापस मिल सकता है। व्यापार में नए सौदे होंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके जीवनसाथी को प्रमोशन मिलेगा।

**कन्या :** आपका रवैया काफी सहानुभूतिपूर्ण और लचीला हो सकता है। अधिकांश मामलों को आप पूरी गहराई में जाकर ही समझ पाएंगे।

**तुला :** यह समय अनुकूल नहीं है, स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ पुराने रोगों से प्रभावित हो सकते हैं। गुप्त समस्याएं और उत्सर्जन मार्ग की रुकावट आपको बीमार कर सकती है।

**वृश्चिक :** किसी से अनबन हो सकती है। बेहतर होगा कि दूसरे की बातें सुनकर तुरंत उस पर कोई टिप्पणी न करें। पहले अच्छे से सोचो, फिर जवाब दो।

**धनु :** आज आप थोड़े प्रैक्टिकल रहेंगे। इससे आपको लाभ होगा। आप सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय रहेंगे। आप भावनात्मक रूप से उत्साहित रहेंगे।

**मकर :** आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ मिल सकता है। कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं और आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं जो आपके आराम को बढ़ाएंगे।

**कुंभ :** मित्रों और परिवार के साथ दिन बीतेगा। सबके साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आपको बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**मीन :** भाग्य आपका साथ दे सकता है। आज के हालात और जिन लोगों से आप मिलते हैं, वे आपको कुछ नया करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

## चुटकुले

अटल सत्य : पढ़ाई और जिम हमेशा कल से शुरू होते हैं।
और सिगरेट व दारू कल से बंद होते है।

बॉय : आई लव यू।
गर्ल : तुम पागल हो क्या, मैं शादी शुदा हूँ। मेरा पति है और एक बॉयफ्रेंड भी है ऑफिस मे, और मेरा एक्स बॉयफ्रेंड मेरे पड़ोस मे रहता है, और कल ही मेरे बॉस ने प्रपोज किया है और मैं उन्हे मना नही कर सकती और वैसे भी मेरा एक स्कूल फ्रेंड के साथ सीरियस मैटर है..
बॉय : (काफी देर देखने के बाद) देख ले कहीं अड्जस्ट होता हो तो...

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य–निर्मित संग्रहालय (साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन


























# 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा बाइक रैली

## अलगाववादी और राष्ट्रद्रोही ताकतों को आईना दिखाने का काम करेगी तिरंगा यात्रा : अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के मार्गदर्शन तथा भाजपा महानगर युवा मोर्चा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, सांसद अतुल गर्ग, बलदेव राज शर्मा, युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंद्र सोम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, सरदार एसपी सिंह, अशोक मोंगा, विजय मोहन, अनिल स्वामी आदि मौजूद रहे।

तिरंगा रैली शहर विधानसभा में भारत माता की जय का नारा लगाते हुए निकाली गई। उक्त कार्यक्रम में शहर विधानसभा के मंडल सहित अन्य मंडल, मोर्चा टीम, बूथ स्तर तक के पदाधिकारी, महानगर भाजपा कार्यकर्ता, पार्षद एवं आम नागरिक ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीयता का जागरण करने का संकल्प लिया। साथ ही देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए सभी से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, मंत्री नरेन्द्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंद्र सोम, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली तिरंगा यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से हर घर तिरंगा महानगर संयोजक पप्पू पहलवान, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सह संयोजक पंकज भारद्वाज, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, एससी मोर्चा अध्यक्ष अमित कल्याणी, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, धीरज शर्मा, संजय रावत, पप्पू नागर, जमालु सिद्दकी,महिला



### उत्तरप्रदेश देश भक्ति का एक अलग जज्बा पैदा करेगा : मंत्री नरेंद्र कश्यप

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा साढ़े चार करोड़ तिरंगे झंडे में सजकर उत्तरप्रदेश देश भक्ति का एक अलग जज्बा पैदा करेगा। हर घर तिरंगा यात्रा से देश प्रेम की भावना जुड़ेगी।



### हर घर तिरंगा राष्ट्र की ताकत और एकजुटता का प्रदर्शन : अतुल गर्ग

सांसद अतुल गर्ग ने कहा देश के प्रधानमंत्री ने जब 2014 में देशवासियों से देश प्रेम राष्ट्र भक्ति के लिए तिरंगा ध्वज अपने घर पर लगाने का आह्वान किया था तभी से देशवासियों के मन में देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति की भावना का और इजाफा हुआ है। आज हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा यात्रा के माध्यम से सभी देशवासी जुड़कर अलगाववादी और राष्ट्रद्रोही ताकतों को आईना दिखाने का काम करेंगे। हर घर तिरंगा राष्ट्र की ताकत और एकजुटता का प्रदर्शन है।



### घरों पर शान से तिरंगा झंडा लहराएं : संजीव शर्मा

भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने नगर व क्षेत्रवासियों से अपने-अपने घरों में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया।







# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन



# जारी है मेयर और नगर आयुक्त के बीच लैटर घमासान

## मेयर सुनीता दयाल ने प्रेसवार्ता कर पूछे सीएनजी वाहनों के संचालन, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, गृहकर बढ़ोत्तरी, नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम और रमते राम शॉपिंग कांप्लेक्स पर अधिकारियों और नगर आयुक्त से सवाल

## नगर आयुक्त ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, नगर निगम ऑडिटोरियम और रमते राम शॉपिंग कंपलेक्स पर रखा विज्ञाप्ति जारी कर जवाब

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : नगर निगम के दो प्रमुख फेस के बीच इन दिनों घमासान वाला मामला चल रहा है। लैटर लिखे जा रहे हैं और खुले मंचों पर सवाल जवाब हो रहे हैं। रविवार को महापौर सुनीता दयाल ने सदन में बड़ी संख्या में पार्षदों को बुलाया और पार्षदों के साथ प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने और नगर निगम के अधिकारियों, नगर आयुक्त से उन्होंने 350 सीएनजी वाहनों के संचालन, डोर टू-डारे कूड़ा उठाने के मामला, तो वहीं गृहकर बढ़ोत्तरी को लेकर जनप्रतिनिधियों के विरोध के बावजूद अधिकारियों की मनमानी करने का आरोप लगाया है। तो वहीं उन्होंने गृहकर में भारी अनियमितता पाए जाने की भी बात की है। इसके साथ ही महापौर सुनीता दयाल ने नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, तुराब नगर रमते राम रोड शॉपिंग कांप्लेक्स के संबंध में पत्रावलियों के उल्लंघन का आरोप है। वहीं उन्होंने नगर आयुक्त और उनके सहयोगी अधिकारियों द्वारा नियमों के विपरीत कार्य करते हुए महापौर और महिलाओं पर सवाल उठाने के मामले पर नाराजगी जाहिर की है। मेयर ने कहा है कि वह इस मामले में महिला आयोग जाएंगी और जिस तरीके से नगर आयुक्त द्वारा महिलाओं का अपमान किया गया है, वह भी



ठीक नहीं है। सुनीता दयाल ने यह भी कहा कि रही बात फाइल घर मंगवाने की, तो नगर आयुक्त को बताना चाहती हूं कि सभी अधिकारी अपने कैंप कार्यालय पर अपनी गाड़ियों में स्वयं फाइल लेकर जाते हैं एवं कर्मचारी भी अधिकारियों के कैंप कार्यालय पर फाइलें लेकर आते हैं। ठेकेदार भी फाइल लेकर नगर निगम में घूमते रहते हैं। क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट-1923 का पालन है। उधर नगर आयुक्त के कार्यालय की ओर से इस पूरी प्रेसकांफ्रेंस के कुछ घंटों की देरी के बाद बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी करके अपना पक्ष रखा गया है और जो आरोप लगाए गए हैं, उन पर स्थिति क्लियर की गई है। कुल मिलाकर बीते कुछ दिनों से महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के बीच चल रही लैटर की बार अब खुलकर नोकझोंक और आरोप प्रत्यारोप के रूप में खुलकर सामने आनी शुरू हो गई है। उधर नगर आयुक्त छुट्टी पर चल रहे हैं, तो महापौर सुनीता दयाल ने जिस तरीके से नगर निगम के सभागार में अपने साथ बड़ी संख्या में पार्षदों को एकत्रित करके नगर निगम के अधिकारियों से सवाल और उन्हें घेरने का काम किया है, यह है बड़ा मुद्दा बन गया है।



### महापौर ने कूड़ा कलेक्शन और 350 सीएनजी वाहनों पर उठाए सवाल

करंट क्राइम : नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद नगर निगम में डोर टू डोर कलेक्शन के लिए 350 सीएनजी वाहनों के क्रय किए गए मामले में संचालन कंपनी जेए एन्वायरमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को जिस तरीके से अनुबंध किया गया था, उसको लेकर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम के अधिकारियों ने जिस कंपनी को बाद में ठेका दिया वह पूर्व की कंपनी से अधिक पैसा ले रही थी। इस मामले में उन्होंने सवाल पूछा है कि स्वास्थ्य विभाग का वरिष्ठ प्रभारी अपर नगर आयुक्त को हटाकर संयुक्त नगर आयुक्त को बनाया गया था, जो की संयुक्त नगर आयुक्त गंभीर बीमारी के कारण लंबे समय से अवकाश पर चल रहे थे और कभी-कभी आते थे, इसलिए प्रभारी बनाया गया। जिससे कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनमानी चला सकें। इसकी टेंडर कमेटी का अध्यक्ष इनको बनाया गया लेकिन वह किसी कमेटी में बैठक में नहीं आए और उनके हस्ताक्षर भी नहीं है।

### नगर आयुक्त ने रखा पक्ष नियमानुसार दिया गया था टेंडर

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जो साक्ष्य रखे गए हैं उसमें कहा गया है क्योंकि तब वाहनों के क्रय हेतु निविदा आमंत्रण नहीं किया गया था और 15 वित्त की बैठक में धनराशि अगले 6 से 7 के लिए बुक की गई थी, इस कारण 30000 प्रति माहवाहन स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके लिए पांच सदस्य गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्ष महापौर सदस्य, जिलाधिकारी गाजियाबाद, जीडीए वीसी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व नगर आयुक्त हैं। इसमें पांच कंपनियों ने निविदा में भाग लिया था, जिसमें सभी मापदंडों को देखा गया था, इसमें यह भी जानकारी दी गई है कि निविदा में शर्तों का पालन किया गया है। वह फर्म द्वारा स्वयं वहन करना होगा, फर्म को प्रति 20 वाहनों पर एक पर्यवेक्षक और आवश्यकता के अनुसार आवश्यक क्षेत्रीय प्रबंधक परियोजना प्रबंधक प्रदान करना होगा। नगर निगम द्वारा इसलिए भी शामिल किया गया था क्योंकि यह इंदौर का उपयुक्त मॉडल रहा था।



### गृहकर के मुद्दे पर मेयर ने उठाए सवाल

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने इस दौरान गृहकर के मुद्दे पर भी अधिकारियों और नगर आयुक्त से सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक, मंत्री एक मत से गृहकर की बढ़ोत्तरी के विरोध कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गृहकर में भारी अनियमितताएं हैं। उन्होंने अधिकारियों और नगर आयुक्त से पूछा है कि आरडीसी में एक प्लॉट व्यावसायिक भवनों पर एक समान सड़क होने के बावजूद अलग-अलग धनराशि गृहकर लगाना, बेसमेंट को ना दिखाना। इमारत निर्माणाधीन दिखाना बड़ी सड़क को छोटी दिखाना, नगर निगम को राज्यस्व में हानी एवं स्वयं के लाभ हेतु हॉस्पिटल जीआईएस सर्वे की रिपोर्ट का संज्ञान ना देना जैसे कई सवाल पूछे हैं।




### गृहकर बढ़ोत्तरी और ग्रहकर अनियमितताओं पर नहीं आया जवाब

करंट क्राइम : नगर आयुक्त कार्यालय से जो मेयर के सवालों पर जवाब जारी करने वाली विज्ञप्ति दी गई है, उसमें गृहकर बढ़ोत्तरी और गृहकर के मामले को लेकर जो अनियमिताएं सामने आई थीं, इस पर कोई जवाब नहीं दिया गया है।

### नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम का मुद्दा भी छाया रहा

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल द्वारा पूछा गया है कि मार्च 2024 में ज्ञात हुआ था कि मैसेज रैली इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पिछले 2 वर्षों से ऑडिटोरियम का उपयोग कर धन



अर्जित कर रही है, लेकिन फर्म द्वारा नगर निगम का किराया आदि भुगतान नहीं किया जा रहा है। जून 2024 में दोबारा से कर गणना कर बताया गया कि लगभग एक करोड़ 90 लाख रुपए फार्म पर बकाया है। इस पूरे प्रकरण में उन्होंने नगर निगम के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि बकाया कर की वसूली के लिए अधिकारी मौन बैठ जाते रहते थे। बार-बार कहने पर कुछ प्रक्रिया प्रारंभ की गई लेकिन उक्त फर्म को करोड़ों रुपए का लाभ पहुंचाने के लिए भ्रामक गणना कर उसको लाभ पहुंचाने का काम भी किया गया है।



### नगर आयुक्त ने कहा डीएम के माध्यम से आरसी जारी की गई थी

करंट क्राइम : नेहरू नगर स्थित नगर निगम के किराए की वर्तमान दे धनराशि एक करोड़ 34 लाख जीएसटी सहित अधिक को एक सप्ताह में नगर निगम कोष में जमा कराने के लिए मैसेज रैली इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड श्री अशोक कुमार डी 11 तृतीय तल मॉडल टाउन दिल्ली को निर्देशित किया गया था, परंतु फर्म द्वारा एक सप्ताह में किराए की गणना कर भी जमा नहीं कराई गई, फिर से बकाया धनराशि के वसूली भू राजस्व के भारतीय वसूल करने के लिए नगर आयुक्त ने 29 जुलाई को फर्म को आमंत्रित नोटिस भेजा था। जिसमें धनराशि जमा ना कराने के कारण नगर गाजियाबाद द्वारा 8 अगस्त को फर्म के विरुद्ध वसूली हेतु जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद को आरसी जारी की गई थी।

### रमते राम शॉपिंग कॉम्पलेक्स पत्रावली मेयर को देने से मना करने का आरोप

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को नगर निगम में पार्षदों के साथ जो पत्रकार वार्ता की उसमें सीधे रूप से नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और नगर आयुक्त से संबंधित अधिकारियों की मिली भगत का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके द्वारा रमते राम रोड कांप्लेक्स की पत्रावली मांगी गई, तो विभाग अध्यक्ष ने बताया की पत्रावली नगर आयुक्त महोदय के पास है और फिर नगर आयुक्त के लिपिक से पत्रावली मांगने पर देने से मना कर दिया गया। उन्होंने कहा है कि रमते राम रोड स्थित शॉपिंग कांप्लेक्स के किराए की गणना में भी काफी गड़बड़ी है, उसका नोटिस सही गणना पर नहीं बनाया गया है।

### मेयर ने दी चेतावनी महिला आयोग में करूंगी शिकायत

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त द्वारा महिलाओं का अपमान किए जाने के लेकर कई विषयों पर आवाज उठाई और उन्होंने कहा है कि वह महिला आयोग जाएगी। शासन से पूरी बात करेंगी और शिकायत भी करेगी। वहीं उन्होंने फाइलों के मामले को लेकर भी अपना रुख साफ करते हुए खुद पर समाचार पत्रों के माध्यम से लगाए जा रहे आरोपों पर सफाई देते हुए इसे दैनिक प्रक्रिया करार दिया है।




### नगर निगम रमते राम रोड स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर हुई कार्रवाई

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल के सवालों के जवाब में नगर निगम द्वारा जो रमते राम रोड स्थित शॉपिंग कंपलेक्स को लेकर विज्ञप्ति जारी की गई है, उसमें बताया गया है कि संबंधित कंपनी को निगम के कोष में धनराशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। साथ ही जमा अवधि तक बकाया धनराशि नहीं जमा कराई गई, तो नगर आयुक्त द्वारा 7 अगस्त को फर्म के विरुद्ध वसूली हेतु गाजियाबाद जिलाधिकारी के माध्यम से आरसी जारी कराई गई थी, जिसमें सभी नियमों का पालन करते हुए इस पूरी प्रक्रिया को पूरा कराया गया।



### मेयर ने पार्षदों को साथ लेकर सदन में दिया संदेश

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल रविवार को नगर निगम में बड़ी संख्या में इन पार्षदों को जिसमें राजीव शर्मा,पूर्व पार्षद राजेन्द्र तितोरिया, पार्षद पूनम सिंह,पार्षद प्रतिभा शर्मा,भाजपा कार्यकर्ता राजू,पार्षद संतोष राणा,पार्षद देवनारायण शर्मा,पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद राजीव भाटी,पार्षद हिमांशु शर्मा,भाजपा कार्यकर्ता कालीचरण पहलवान, पार्षद कविता ,पार्षद प्रमोद राघव,पार्षद नीरज गोयल,पार्षद राज कुमार सिंह,पार्षद शिवम शर्मा,पार्षद पप्रीति जैन, पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद रजनी,पार्षद ओम प्रकाश ओड, पार्षद नीलम,पार्षद कनहैया लाल,पूर्व पार्षद ओम वीर सिंह,पार्षद उदित मोहन,पार्षद प्रमोश यादव,पार्षद सुनन्दा सिंह,पार्षद अमित त्यागी,पूर्व पार्षद जाकिर सैफी,भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण भाटी,पार्षद साजिद आदि पार्षद उपस्थित रहे और सभी ने मेयर के साथ और सुर मिलाते हुए ताकत का भी एहसास करने का काम किया है।

### पहले मेयर ने खोला मोर्चा, फिर तैयारी के साथ आया नगर आयुक्त कार्यालय से जवाब

करंट क्राइम : रविवार को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के बीच बीते दिनों से चल रहा लैटर का मैटर फिर एक बार शुरू हो गया। महापौर सुनीता दयाल पूरी तैयारी के साथ पार्षदों के संग सदन में पहुंची और नगर निगम के अधिकारियों और नगर आयुक्त के खिलाफ उन्होंने एक के बाद एक कई सवाल दागे। इसी के साथ कहा है की किस तरीके से निगम में कुछ अधिकारी और नगर आयुक्त ठीक पद्धति से काम नहीं कर रहे हैं। उनकी मंशा पर सवाल उठाने का काम किया, तो वहीं महापौर की प्रेसवार्ता के कुछ देर बाद नगर आयुक्त कार्यालय की ओर से पांच प्रमुख सवालों को लेकर एक विज्ञप्ति जारी की गई। जिसमें गृहकर और गृहकर की अनियमिताओं पर कोई जवाब नहीं दिया गया। अन्य मामलों पर अपना पक्ष रखने का काम किया गया है।



# भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) की वार्षिक आम सभा आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) की वार्षिक आम सभा की बैठक शुक्रवार को द ग्रैंड लियोनी रिसॉर्ट्स, वागाटोर गोवा में आयोजित की गई। कैलेंडर वर्ष 2024-25 से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई जिसमें फरवरी 2025 में आयोजित होने वाले आगामी आईवीपीएल पर प्रमुख जोर दिया गया।



जनवरी 2025 में मध्य प्रदेश में नेशनल आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। जोनल टूर्नामेंट दिसंबर 2024 तक पूरा करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवीण त्यागी की अध्यक्षता में हुई आम सभा की बैठक में बोर्ड के बेहतर कामकाज के लिए कुछ पदाधिकारियों का फेरबदल किया गया। भारतीय दिग्गज टीम का चयन करने के लिए चयन समिति बनाई गई है जिसमें रविंद्र त्यागी, मयंक खांडवाला, तरुणेश परिहार, सुधीर कुलकर्णी, आनंद कामत रहेंगे। इस सफल आयोजन के लिए गोवा वेटेरन किरकेट एसोसिएशन व विनोद फड़के ने आभार व्यक्त किया गया।

# जाट समाज वैवाहिक परिचय सम्मेलन का किया गया आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जाट समाज के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जाट समाज वैवाहिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में विजय चौधरी महानगर अध्यक्ष कांग्रेस व पूर्व मेयर प्रत्याशी का केक काट कर जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ सदस्य अमरजीत सिंह बिड्डी चैयरमैन,अजय प्रमुख, अरुण चौधरी भुल्लन, धर्मेन्द्र चौधरी, विक्रांत चौधरी, मनोज चौधरी, विजय पाल चौधरी, सुजीत आदि उपस्थित रहे।



**राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में विजय चौधरी महानगर अध्यक्ष कांग्रेस व पूर्व मेयर प्रत्याशी का केक काट कर जन्मदिन मनाया।**

# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन



# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन



# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन



# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर सावन माह में हुआ भंडारे का आयोजन



